# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## जून भाग-1
## 2022

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1 'वेस्ट नील वायरस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वेस्ट नील वायरस एक मच्छर जनित, डबल स्ट्रेंडेड डीएनए वायरस है।
2. वेस्ट नील वायरस के लिये वैक्सीन उपलब्ध है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

2 "राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण" (NTCA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. NTCA द्वारा "भारत में चीते की पुन: वापसी हेतु कार्ययोजना" जारी की गई थी।
2. इसके अंतर्गत अगले 5 वर्षों में नामीबिया से 50 अफ्रीकी चीतों को लाने का निर्णय लिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

3 अस्त्र मार्क-1 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अस्त्र मार्क-1 एक दृश्य सीमा से परे, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।
2. अस्त्र मार्क-1 की रेंज करीब 110 किलोमीटर है।
3. अस्त्र मार्क-1 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित और डिज़ाइन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

4 निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. गोवा मुक्ति दिवस भारतीय सैन्य बलों द्वारा ब्रिटिश शासित गोवा के विलय की याद दिलाता है।
2. गोवा की आधिकारिक भाषा कोंकणी है जो संविधान की अनुसूची -8 में सूचीबद्ध नहीं है।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

5. सतत् शहर एकीकृत दृष्टिकोण पायलट (SCIAP) परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शहरी स्थिरता मूल्यांकन फ्रेमवर्क (USAF) को सतत् शहर एकीकृत दृष्टिकोण पायलट (SCIAP) परियोजना के तहत विकसित किया गया है
2. इसे वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF-6) के माध्यम से वित्तपोषित किया जा रहा है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

6. 'ई-ट्रांसमिशन अधिस्थगन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व व्यापार संगठन के सदस्य ई-ट्रांसमिशन पर सदस्य देशों पर सीमा शुल्क नहीं लगाते हैं।
2. विश्व व्यापार संगठन के 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC12) में भारत ई-ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क पर रोक जारी रखने के पक्ष में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. लिक्विड नैनो यूरिया के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक स्वदेशी रूप से विकसित यूरिया है, जिसे भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) द्वारा पेश किया गया है।
2. लिक्विड नैनो यूरिया की दक्षता पारंपरिक यूरिया की तुलना में कम होती है।
3. भारत का पहला लिक्विड नैनो यूरिया (LNU) संयंत्र मध्य प्रदेश के विजयपुर में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 3

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

8. मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य दो देशों के बीच व्यापार पर सीमा शुल्क बाधाओं को कम करना है, लेकिन समाप्त करना नहीं है।
2. वस्तुओं और सेवाओं के अलावाा, एफटीए में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) भी शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

9. हाल ही में 'अब्राहम अकॉर्ड्स' पद चर्चा में था। यह निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

A. उज़्बेकिस्तान और रूस के बीच युद्धविराम समझौता

B. आईएमएफ द्वारा किये गए मौद्रिक नीति उपाय

C. इज़रायल और चार इस्लामी देशों के बीच संबंधों का सामान्यीकरण

D. मध्य एशियाई देशों के साथ तालिबान सरकार द्वारा हस्ताक्षरित व्यापार समझौता

10. नदी प्रणाली अस्थिरता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. यह समशीतोष्ण क्षेत्रों की नदियों से संबंधित एक विशिष्ट घटना है।
2. ऐसी घटना एक दशक या एक सदी में एक बार, या उससे भी कम कम होती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. लीडआईटी पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे भारत ने यूएसए के सहयोग से प्रारंभ किया था।
2. इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा निर्माण प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण को बढ़ावा देना था।
3. यह उन देशों और कंपनियों को भी संगठित करता है जो पेरिस समझौते को हासिल करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?

A. 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. केवल 2

12 सोलोमन द्वीप निम्नलिखित में से किस महासागर में स्थित है?

A. अटलांटिक महासागर
B. प्रशांत महासागर
C. आर्कटिक महासागर
D. हिंद महासागर

13 निम्नलिखित में से किन एजेंसियों ने संयुक्त रूप से 'ट्रैकिंग एसडीजी 7- ऊर्जा प्रगति रिपोर्ट' जारी की है?

1. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी
2. अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी
3. संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी प्रभाग
4. विश्व बैंक
5. विश्व स्वास्थ्य संगठन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1, 2 और 3
B. 2, 3 और 4
C. 3, 4 और 5
D. 1, 2, 3, 4 और 5

14 "त्रिंकोमाली पोर्ट" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह श्रीलंका के पूर्वोत्तर तट पर त्रिंकोमाली खाड़ी में एक प्रायद्वीप पर स्थित है।
2. यह भारत के चेन्नई का निकटतम बंदरगाह है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

15 पेंटेड लेपर्ड गेको के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त स्थिति प्रदान की गई है।
2. पेंटेड लेपर्ड गेको पूर्वी एशिया की मूल प्रजाति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16 निम्नलिखित में से कौन 'मेरी सहेली' पहल का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. इसे महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) को आसान ऋण प्रदान करने के लिये नाबार्ड द्वारा शुरू किया गया था।
B. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस पहल के तहत स्कूली छात्राओं को मुफ्त सैनिटरी पैड मुहैया कराता है।
C. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय महिला विक्रेताओं को 10,000 रुपए की क्रेडिट राशि प्रदान करता है।
D. यह महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये भारतीय रेलवे की एक पहल है।

17. कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित है।
2. कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अंदर एक गाँव के सामुदायिक वन संसाधन (CFR) अधिकारों को मान्यता देने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है।
3. इसमें मुख्य रूप से झाड़ियाँ और काँटेदार वृक्षों की प्राकृतिक वनस्पतियाँ पाई जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. उपर्युक्त सभी

18. भारत के लिक्विड मिरर टेलीस्कोप (LMT) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह खगोल विज्ञान हेतु अधिकृत दुनिया का पहला लिक्विड-मिरर टेलीस्कोप (LMT) है।
2. एक पारंपरिक दूरबीन एक स्थिर दूरबीन होती है, जबकि एक LMT आकाश में 'इंटरेस्ट ऑफ ऑब्जेक्ट' की दिशा में कार्य करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19 "इको-सेंसिटिव ज़ोन (ESZs)" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ESZs को राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों के 10 किमी के भीतर के क्षेत्रों के रूप में परिभाषित किया गया है।
2. ये वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत निर्धारित किये गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

20. "श्रेष्ठ" योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना की शुरुआत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा की गई थी।
2. इसका उद्देश्य छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अवसर प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. मलेरिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक रक्त जनित रोग है जो प्लाज़्मोडियम नामक परजीवी के कारण होता है।
2. मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद परजीवी शुरू में यकृत कोशिकाओं के भीतर वृद्धि करते हैं, उसके बाद श्वेत रक्त कोशिकाओं (WBCs) को नष्ट कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप WBCs की क्षति होती है।
3. विश्व स्तर पर मलेरिया के सबसे ज़्यादा मामले अफ्रीका में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 2

22. प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रामीण विकास मंत्रालय पीएमएवाई-जी को कार्यान्वित करता है।
2. इसका उद्देश्य उन सभी ग्रामीण परिवारों को बुनियादी सुविधाओं के साथ एक पक्का घर प्रदान करना है जो बेघर हैं या कच्चे या जीर्ण-शीर्ण घरों में रह रहे हैं।
3. मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में पीएमजेएवाई-जी के तहत आवासों की पूर्णता दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्टैगफ्लेशन को एक ऐसी स्थिति के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें मूल्य वृद्धि में गिरावट के साथ-साथ आर्थिक विकास की गति कम हो जाती है।
2. मुद्रास्फीति को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा मौद्रिक नीति में उचित परिवर्तन के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

24 विश्व पर्यावरण दिवस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिये प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है।
2. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के पहले दिन 1972 में विश्व पर्यावरण दिवस की स्थापना की।
3. विश्व पर्यावरण दिवस 2021 ने पारिस्थितिकी तंत्र बहाली पर संयुक्त राष्ट्र दशक (2021-2030) की शुरुआत की।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

25. लाइफ मूवमेंट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. LiFE का विचार भारत द्वारा वर्ष 2021 में ग्लासगो में 26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP26) के दौरान प्रस्तुत किया गया था।
2. इसका उद्देश्य प्रचलित "उपयोग और निपटान" अर्थव्यवस्था को एक चक्रीय अर्थव्यवस्था द्वारा प्रतिस्थापित करना है।
3. इस मिशन की योजना व्यक्तियों के एक वैश्विक नेटवर्क बनाने और उसका पोषण करने की है, जिसका नाम 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

26. भारी धातुओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारी धातुएँ प्राकृतिक रूप से पृथ्वी की क्रस्ट में मौजूद होती हैं।
2. खनन, औद्योगिक और कृषि कार्य पर्यावरण में भारी धातुओं के सभी मानवजनित स्रोत हैं।
3. सीसा, लोहा, निकल, कैडमियम आदि धातुएँ भारी धातुओं के उदाहरण हैं।
4. भारी धातुओं का प्रभाव चिरस्थायी नहीं होता बल्कि उनका नकारात्मक प्रभाव कुछ ही दिनों में दूर हो जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं:

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

27. गवर्नमेंट-ई-मार्केटप्लेस (GeM) पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं:

1. यह केवल सामान्य उपयोग की वस्तुओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा के लिये एक राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है।
2. GeM पर उपलब्ध वस्तुओं तथा सेवाओं के लिये मंत्रालयों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की खरीद करना अनिवार्य है।
3. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय GeM पोर्टल की नोडल एजेंसी है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही विकल्प् का चयन कीजिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2

**नोट :**

28. सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (USOF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. USOF वर्ष 2002 में दूरसंचार विभाग के तहत बनाया गया था।
2. यह निधि व्यपगत-निधि है।
3. USOF यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में लोगों के लिये आर्थिक रूप से उपयुक्त कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण आईसीटी सेवाओं तक सार्वभौमिक गैर-भेदभावपूर्ण पहुँच हो।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

29. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. रबर कार्बनिक यौगिक आइसोप्रीन से प्राप्त पॉलिमर से बना होता है।
2. रबर एक सुसंगत लोचदार ठोस पदार्थ है जो उष्णकटिबंधीय पेड़ों के लेटेक्स से प्राप्त होता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और ओमान ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग कार्यक्रम (POC) पर हस्ताक्षर किये।
2. भारत का संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) है।
3. भारत ने कुवैत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर किये हैं।
4. सऊदी अरब और भारत ने स्टार्टअप ब्रिज पर समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2, 3 और 4

31. गन्ने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे केवल अत्यधिक उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी में ही उगाया जा सकता है।
2. इसमें बहुत ज़्यादा यांत्रिक और शारीरिक श्रम की आवश्यकता होती है।
3. इसके लिये गर्म और आर्द्र जलवायु की आवश्यकता होती है।

4. ब्राज़ील के बाद भारत गन्ने का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 3 और 4
D. केवल 1, 3 और 4

नोट :

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दिबांग ब्रह्मपुत्र नदी की एक सहायक नदी है।
2. दिबांग अरुणाचल प्रदेश और असम राज्यों से होकर बहती है।
3. एटालिन जलविद्युत परियोजना को दिबांग नदी पर बनाने की योजना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

33 भारत-बांग्लादेश संबंध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोलकाता से खुलना तक बंधन एक्सप्रेस भारत और बांग्लादेश के बीच एक रेलवे लिंक है।
2. IN-BN कॉर्पेट दोनों देशों की थल सेनाओं के बीच एक रक्षा अभ्यास है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

24 राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सूचकांक FSSAI (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) द्वारा विकसित किया गया है।
2. तमिलनाडु राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (2022) में सबसे ऊपर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

35 सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. यह सोशल मीडिया के लिये सक्रिय होना अनिवार्य करता है।
2. एक शिकायत अधिकारी की व्यवस्था करना।
3. अभिव्यक्ति को दबाने के लिये सरकार को मध्यस्थ बनाया।
4. सोशल मीडिया पर शिकायतों का समाधान करने की बाध्यता।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

36. जन समर्थ पोर्टल निम्नलिखित में से किस मंत्रालय की एक पहल है ?

A. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
B. वित्त मत्रांलय
C. कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय
D. ग्रामीण विकास मंत्रालय

नोट :

37. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा AIWASI पहल का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. यह भारत का ध्रुवीय अन्वेषण मिशन है।

B. यह एक पहल है जिसमें महिला स्वयं सहायता समूहों (SHG) को राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF) के अनुसार कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

C. यह ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच एक जल सुरक्षा व्यवस्था है।

D. इसे रेलवे द्वारा महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये शुरू किया गया।

38. आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने निम्नलिखित में से किस खरीफ फसल के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है?

1. धान
2. सोयाबीन
3. सूरजमुखी
4. रेपसीड
5. मसूर
6. तिल
7. मूँग

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2, 3, 5 और 7

B. केवल 2, 4, 5 और 6

C. केवल 1, 3, 4, 5 और 6

D. केवल 1, 2, 3, 6 और 7

39. 'चंद्रमा के एकीकृत भूगर्भिक मानचित्र' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नासा और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का संयुक्त उद्यम है।
2. यह मानचित्र भविष्य के मानव मिशनों के लिये चंद्रमा की सतह के भूविज्ञान का एक ब्लूप्रिंट होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैड बैंक एक वित्तीय इकाई है जिसे बैंकों से गैर-निष्पादित संपत्ति खरीदने के लिये स्थापित किया गया है।
2. ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जब ऋण का भुगतान न्यूनतम 90 दिनों की अवधि तक नहीं किया गया हो।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

41. वैश्विक सतत् विकास रिपोर्ट, 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. इसे विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा प्रकाशित किया जाता है
2. भारत और कंबोडिया दो ऐसे देश हैं जिन्होंने वर्ष 2015 के बाद से एसडीजी पर सबसे अधिक प्रगति की है
3. फिनलैंड सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश है।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. केवल 3

42. समुद्र के अंतर्राष्ट्रीय कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCLOS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है।
2. यह एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है जो समुद्री स्थानों में राज्य के अधिकार क्षेत्र के लिये एक रूपरेखा निर्धारित करता है।
3. यह सम्मानित क्षेत्रों में राज्यों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के लिये विशिष्ट मार्गदर्शन प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

43. निम्नलिखित में से कौन-सा/से देश एजियन सागर की सीमा पर अवस्थित है/हैं?

1. तुर्की
2. यूक्रेन
3. बुल्गारिया
4. ग्रीस
5. इटली

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 2, 3 और 4

D. 1, 2, 3, 4 और 5

44.. स्लो फैशन मूवमेंट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही हैं/है?

1. यह नई फैशन अवधारणाओं को अपनाने की धीमी प्रक्रिया से संबंधित है।
2. यह कपड़ों के उत्पादन का एक दृष्टिकोण है जो आपूर्ति श्रृंखला के सभी पहलुओं को ध्यान में रखता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

45. सिरुमलाई हिल्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे केरल में स्थित हैं।
2. इसे पश्चिमी घाट का हिस्सा माना जाता है।
3. सिरुमलाई पहाड़ियों की सीमा अरब सागर के साथ साझा होती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1, 2 और 3

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

46.. न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हैदराबाद में स्थित है।
2. यह प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है।
3. NSIL का मिशन अंतरिक्ष में जीवन रूपों की नई संभावनाओं का अभिनव अनुसंधान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. इनमे से कोई नहीं

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मारिजुआना कैनबिस के पौधे से प्राप्त मन:प्रभावी/साइकोएक्टिव औषधि है।
2. टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (THC) मारिजुआना का प्राथमिक मन:प्रभावी घटक है।
3. थाईलैंड मारिजुआना की खेती, रखने और मनोरंजक उपयोग को वैध बनाने वाला पहला एशियाई देश बन गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जिन प्रजातियों को वर्मिन के रूप में वर्गीकृत किया गया है, उन्हें वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची V में रखा गया है।
2. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 वर्मिन शब्द को परिभाषित करता है।
3. कौवे, फल खाने वाले चमगादड़ और चूहे आदि वर्मिन की श्रेणी में आते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रूस और अमेरिका के बाद चीन अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने और अंतरिक्ष स्टेशन बनाने वाला तीसरा देश है।
2. तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन एक चीनी अंतरिक्ष स्टेशन है जिसे पृथ्वी की मध्यम कक्षा में बनाया जा रहा है
3. तियानहे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन को लॉन्च करने वाला पहला मॉड्यूल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

50. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. सभी गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ (PW&LM) इस योजना के लिये पात्र हैं।
3. योजना के कार्यान्वयन की निगरानी केंद्र और राज्य दोनों सरकारों द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

51. रामसे हंट सिंड्रोम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस सिंड्रोम को हरपीज ज़ोस्टर ओटिकस के नाम से भी जाना जाता है।
2. यह एक प्रकार का बैक्टीरियल सिंड्रोम है।
3. यह चेहरे पर अस्थायी पक्षाघात का कारण है।

ऊपर दिए ग कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1और 3

C. केवल 2और 3

D. 1, 2 और 3

52. निम्नलिखित में से कौन-सी मार्शल आर्ट कश्मीर से संबंधित है?

A. पाइका अखाड़ा

B. मुष्टि युद्ध

C. स्काय

D. थांग टा

53. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | मार्शल आर्ट के प्रकार | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | कलारीपयट्टू | आंध्र प्रदेश |
| 2. | काठी सामू | केरल |
| 3. | सिलंबम | तमिलनाडु |
| 4. | मल्लखंब | मध्य प्रदेश |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1, 2 और 3

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 3 और 4

D. 1, 2, 3 और 4

नोट :

44. क्षेत्रीय परिषदों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के अनुसार भारत को पाँच क्षेत्रीय परिषदों में विभाजित किया गया है।
2. प्रत्येक अंचल के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री बारी-बारी से एक वर्ष की अवधि के लिये, उस क्षेत्र की क्षेत्रीय परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।
3. प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद की प्रति वर्ष कम-से-कम एक बैठक होना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

55. जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. एक उम्मीदवार अधिकतम तीन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकता है।
B. यदि कोई उम्मीदवार किसी एक निर्वाचन क्षेत्र का त्याग करता है तो आम चुनाव के बाद उपचुनाव स्वत: शुरू हो जाता है।
C. यदि एक उम्मीदवार ने दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा और दोनों में जीत हासिल की, तो वह दोनों निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करता है।
D. मुख्य चुनाव आयुक्त के पास उन सीटों को सीमित करने की शक्ति है जहाँ से उम्मीदवार चुनाव लड़ सकता है।

56. निम्नलिखित में से कौन-सा द्विपक्षीय अभ्यास भारत और इंडोनेशिया के बीच आयोजित किया जाता है?

A. गरूड़
B. धर्म गार्जियन
C. समुद्र शक्ति
D. इंद्र

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के हस्ताक्षरकर्त्ता देशों पर यह सीधे कानूनी रूप से बाध्य नहीं हैं।
2. मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के प्रारूपण में भारत का कोई योगदान नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. बायोमास सह-फायरिंग के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने देश के हर ताप विद्युत संयंत्र पर 5-10 प्रतिशत सह-फायरिंग अनिवार्य कर दी है।

भारत के पास बायोमास सह-फायरिंग आवश्यकता के लिये पर्याप्त कृषि अवशेष और पैलेट विनिर्माण क्षमता है।

कोयले के साथ दहन के लिये केवल 14% तक नमी वाले पैलेट का उपयोग किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

59. विनियम समीक्षा प्राधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. वित्त मंत्रालय ने एक विनियम समीक्षा प्राधिकरण (RRA 2.0) की स्थापना की है।
2. RRA 2.0 विनियमों के तहत संस्थाओं के अनुपालन बोझ को कम करते हुए नियामक निर्देशों को सुव्यवस्थित करने का प्रयास करता है।
3. विनियमित संस्थाओं में वाणिज्यिक बैंक, शहरी सहकारी बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ शामिल हैं।
4. RRA द्वारा आरबीआई (भारतीय रिज़र्व बैंक) के परिपत्रों/ निर्देशों के प्रसार प्रक्रिया में आवश्यक परिवर्तनों की जाँच करता है और सुझाव देता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2, 3 और 4
C. केवल 2
D. केवल 1, 2 और 3

60. हाल ही में 'निक्सटामलाइज़ेशन' तकनीक शब्द चर्चा में था। यह निम्नलिखित में से किसको संदर्भित करता है?

A. इसका उपयोग धान किसानों द्वारा पराली अपशिष्ट प्रबंधन के लिये किया जाता है।
B. मेसोअमेरिका के प्राचीन लोगों जैसे माया द्वारा मक्का को एक क्षारीय घोल में भिगोकर पकाया जाता था तथा इसे अधिक स्वादिष्ट, पौष्टिक और गैर-विषैला बनाने के लिये इसका उपयोग किया जाता था।
C. यह वनों की तीव्र गति से वृद्धि के लिये एक तकनीक है।
D. यह फसलों में उर्वरकों के सीमित प्रयोग की विधि है।

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नियोबैंक एक प्रकार का डिजिटल बैंक है जिसकी कोई भौतिक शाखा नहीं है।
2. भारत में नियोबैंक के पास स्वयं का बैंक लाइसेंस नहीं है।
3. नियोबैंक आमतौर पर पारंपरिक बैंकों की तुलना में अधिक सेवाएँ प्रदान करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

62. अग्निपथ योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह युवाओं को दो साल की अवधि के लिये सशस्त्र बलों में सेवा करने की अनुमति देता है।
2. इस योजना के तहत 17.5 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र होंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

63. क्षमादान शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये

1. राष्ट्रपति और राज्यपाल दोनों के पास संघ और राज्य दोनों कानूनों के खिलाफ क्षमादान देने की शक्ति है।
2. राष्ट्रपति को संवैधानिक रूप से क्षमादान की शक्ति प्रदान की गई है, जबकि भारत के संविधान में राज्यपाल के लिये इसका उल्लेख नहीं है।
3. कोर्ट-मार्शल द्वारा दी गई सज़ा को राष्ट्रपति क्षमा कर सकता है, लेकिन राज्यपाल नहीं कर सकता।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. केवल 3

64. निम्नलिखित में से किस समूह में सभी चार देश शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य हैं?

A. कज़ाखस्तान, चीन, भारत और रूस
B. रूस, आर्मेनिया, तुर्की और चीन
C. जापान, चीन, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड
D. कज़ाखस्तान, अफगानिस्तान, चीन और उज़्बेकिस्तान

65. प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. PMVVY एक बीमा पॉलिसी-सह-पेंशन योजना है जो वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करती है।
2. इस योजना को जीएसटी से छूट प्राप्त है।
3. इस योजना को भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के माध्यम से ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है।
4. यह योजना भारतीय के साथ-साथ विदेशी नागरिकों के लिये भी खुली है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 4
C. केवल 3 और 4
D. केवल 1, 2 और 3

## व्याख्या भाग-1

1.उत्तर: D

व्याख्या:

- वेस्ट नील वायरस, वायरस से संबंधित एक फ्लेविवायरस है जो सेंट लुइस इंसेफेलाइटिस, जापानी इंसेफेलाइटिस तथा पीत ज्वर के लिये भी ज़िम्मेदार है।
- यह एक मच्छर जनित, सिंगल स्ट्रैंडेड RNA वायरस है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 80% संक्रमित लोगों में यह रोग स्पर्शोन्मुख है।
- शेष 20% मामलों में वेस्ट नील फीवर या गंभीर WNV बुखार, सिरदर्द, थकान, मतली, शरीर में दर्द, दाने और सूजन ग्रंथियों जैसे लक्षणों के साथ देखा जाता है।
- अभी तक WNV के लिये कोई उपचार/वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

2. उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय वन्यजीव संस्थान ने सात साल पहले चीता संरक्षण के लिये 260 करोड़ रुपए की लागत से पुन: पुनर्वास परियोजना तैयार की थी।
- यह विश्व की पहली अंतर-महाद्वीपीय चीता स्थानांतरण परियोजना हो सकती है।
- पर्यावरण मंत्रालय ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) की 19वीं बैठक में 'भारत में चीते की पुन: वापसी हेतु कार्ययोजना' जारी की थी। अत: कथन 1 सही है।
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) ने अगले 5 वर्षों के भीतर नामीबिया से 50 अफ्रीकी चीते लाने का फैसला किया है। अत: कथन 2 सही है। अत: विकल्प C सही है।

नोट :

3. उत्तर: B

व्याख्या:

- अस्त्र मार्क-1 दृश्य सीमा से परे (BVR), हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल (AAM) है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- BVM मिसाइलें 20 नॉटिकल मील या 37 किलोमीटर की सीमा से आगे तक मार करने में सक्षम हैं।
- AAMs को एक हवाई लक्ष्य को नष्ट करने के लिये हवा में छोड़ा जाता है।
- अस्त्र मार्क -1 की रेंज लगभग 110 किमी है। अत: कथन 2 सही है।
- मिसाइल को BVR के लिये भारतीय वायु सेना (IAF) द्वारा निर्दिष्ट आवश्यकताओं के साथ-साथ करीबी प्रतिस्पर्द्धा, विदेशी स्रोतों पर निर्भरता को कम करने के आधार पर डिज़ाइन किया गया है।
- यह मिसाइल ध्वनि की गति से चार गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है और अधिकतम 20 किमी. की ऊँचाई तक पहुँच सकती है, अत: यह हवाई युद्ध के लिये अत्यधिक कुशल है।
- इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया है। अत: कथन 3 सही है।

4. उत्तर: D

व्याख्या:

- गोवा मुक्ति दिवस भारतीय सैन्य बलों द्वारा पुर्तगाली शासित गोवा के विलय की याद दिलाता है। इस दिन भारत भी यूरोपीय शासन से पूरी तरह मुक्त हो गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित 22 भाषाएँ शामिल हैं:
- असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगू, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी। अत: कथन 2 सही नहीं है।

5. उत्तर: C

व्याख्या:

- शहरी स्थिरता मूल्यांकन फ्रेमवर्क (USAF) को सतत् शहर एकीकृत दृष्टिकोण पायलट (SCIAP) परियोजना के तहत विकसित किया गया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (UNIDO) और यूएन-हैबिटेट द्वारा कार्यान्वित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- इस परियोजना को भारतीय शहरों की कार्बन पृथक्करण क्षमता का अनुमान लगाने के लिये वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF-6) से धन प्राप्त हुआ है। अत: कथन 2 सही है।

6. उत्तर: B

व्याख्या:

- विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देश वर्ष 1998 से इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण पर सीमा अधिस्थगन पर सहमत हुए थे और स्थगन की अवधि को समय-समय पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलनों में बढ़ाया जाता रहा है, जो कि 164 सदस्यीय संगठन (WTO) का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है। अत: कथन 1 सही है।
- यह स्थगन फोटोग्राफिक फिल्मों, सिनेमैटोग्राफिक फिल्मों, प्रिंटेड विषय-वस्तु, संगीत, मीडिया, सॉफ्टवेयर और वीडियो गेम जैसे डिजिटल उत्पादों पर लागू है।
- भारत जून 2022 से शुरू होने वाले विश्व व्यापार संगठन (WTO) के 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC12) में इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन (ई-ट्रांसमिशन) पर सीमा शुल्क को लेकर अधिस्थगन का विरोध करेगा क्योंकि इसके प्रावधान केवल विकसित देशों के पक्ष में हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- भारत इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन के आयात में तेज़ी से वृद्धि देखी जा रही है, मुख्य रूप से फिल्में, संगीत, वीडियो गेम और मुद्रित पदार्थ आदि, इनमें से कुछ स्थगन के दायरे में आ सकते हैं।

नोट :

- विकासशील देशों के लिये अपनी डिजिटल उन्नति हेतु नीतिगत स्थान को संरक्षित करने, आयात को विनियमित करने और सीमा शुल्क के माध्यम से राजस्व उत्पन्न करने के लिये अधिस्थगन की अनुमति देना महत्त्वपूर्ण है।

7. उत्तर: A

व्याख्या:

- यह स्वदेशी यूरिया है, जिसे सबसे पहले भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (IFFCO) द्वारा दुनिया भर के किसानों के लिये पेश किया गया। अत: कथन 1 सही है।
- इसे स्वदेशी रूप से नैनो बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर ( कलोल, गुजरात) में आत्मनिर्भर भारत अभियान और आत्मनिर्भर कृषि के अनुरूप विकसित किया गया है।
- यूरिया सफेद रंग का एक रासायनिक नाइट्रोजन उर्वरक है, जो कृत्रिम रूप से नाइट्रोजन प्रदान करता है तथा पौधों के लिये एक आवश्यक प्रमुख पोषक तत्त्व है।
- इसकी 500 मिली. की एक बोतल में 40,000 मिलीग्राम/लीटर नाइट्रोजन होता है, जो सामान्य यूरिया के एक बैग/बोरी के बराबर नाइट्रोजन पोषक तत्त्व प्रदान करेगा।
- पारंपरिक यूरिया की दक्षता लगभग 25% है, तरल नैनो यूरिया की दक्षता 85-90% तक हो सकती है इसलिये लिक्विड नैनो यूरिया पारंपरिक यूरिया की तुलना में अधिक दक्ष है। अत: कथन 2 सही नहीं है
- प्रधानमंत्री ने गुजरात के कलोल में पहले भारतीय तरल नैनो यूरिया (LNU) संयंत्र का उद्घाटन किया, न कि विजयपुर (मध्य प्रदेश में एक उर्वरक संयंत्र) में। अत: कथन 3 सही नहीं है।

8. उत्तर: A

व्याख्या:

- FTA दो या दो से अधिक देशों या व्यापारिक ब्लॉकों के बीच एक व्यवस्था है जो मुख्य रूप से उनके बीच पर्याप्त व्यापार पर सीमा शुल्क और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने या समाप्त करने का प्रावधान करती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- FTA आमतौर पर माल (जैसे- कृषि या औद्योगिक उत्पाद) या सेवाओं में व्यापार (जैसे- बैंकिंग, निर्माण, व्यापार आदि) पर लागू होता है।
- FTA अन्य क्षेत्रों जैसे- बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), निवेश, सरकारी खरीद और प्रतिस्पर्द्धा नीति आदि को भी कवर कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- उदाहरण: भारत ने कई देशों के साथ FTA पर बातचीत की है, उदाहरण- श्रीलंका और आसियान जैसे विभिन्न व्यापारिक ब्लॉकों के साथ।
- FTA को तरजीही व्यापार समझौता, व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता, व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (CEPA) के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

9. उत्तर: C

व्याख्या:

- 'अब्राहम एकॉर्ड (Abraham Accord) इज़रायल और अरब देशों के बीच पिछले 26 वर्षों में पहला शांति समझौता है।
- गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 1994 में इज़रायल और जॉर्डन के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गए थे।
- अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार, यह समझौता पूरे अरब क्षेत्र में व्यापक शांति स्थापना के लिये एक नींव का काम करेगा, हालाँकि इस समझौते में इज़रायल-फिलिस्तीन संघर्ष के संदर्भ में कोई बात नहीं की गई है।
- ध्यातव्य है कि 13 अगस्त, 2020 को इज़रायल-यूएई शांति समझौते की घोषणा के बाद 11 सितंबर को बहरीन-इज़रायल समझौते की घोषणा की गई थी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने अन्य अरब देशों के भी इस समझौते में शामिल होने के संकेत दिये हैं। अत: विकल्प C सही है।

नोट :

10. उत्तर: B

व्याख्या:

- नदी प्रणाली अस्थिरता नदी के प्रवाह के दौरान परिवर्तन की घटना को संदर्भित करती है जिसके अंतर्गत पुरानी स्थापित नदी प्रणाली के स्थान पर एक नई नदी प्रणाली का निर्माण होता है।
- उष्णकटिबंधीय और मरुस्थलीय क्षेत्रों की नदियाँ के अस्थिर होने की अधिक संभावना रहती है। अत: 1 कथन सही नहीं है।
- ऐसी घटना बहुत ही कम होती है, एक दशक या एक सदी में एक बार, या उससे भी कम। अत: कथन 2 सही है।
- बार-बार होने वाली चरम मौसम की घटनाओं और समुद्र के स्तर में वृद्धि के निरंतर प्रभाव की तुलना में उनके विनाशकारी प्रभावों के बावजूद अस्थिरता की घटना दुर्लभ है। अत: विकल्प B सही है।

11. उत्तर:C

व्याख्या.

- हाल ही में भारत और स्वीडन ने अपनी संयुक्त पहल 'लीडरशिप फॉर इंडस्ट्री ट्रांज़िशन' (LeadIT) के एक भाग के रूप में स्टॉकहोम में उद्योग संक्रमण वार्ता की मेज़बानी की। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- लीडआईटी पहल उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देती है जो वैश्विक जलवायु कार्रवाई में प्रमुख हितधारक हैं और जहाँ विशिष्ट हस्तक्षेप की आवश्यकता है।
- यह उन देशों और कंपनियों को संगठित करता है जो पेरिस समझौते को हासिल करने एवं कार्रवाई के लिये प्रतिबद्ध हैं। अत: कथन 3 सही हैं।
- लीडआईटी के सदस्य इस विचार को बढ़ावा देते हैं कि वर्ष 2050 तक ऊर्जा-गहन उद्योगों में निम्न-कार्बन उत्सर्जन के उपायों को अपनाकर शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के लक्ष्यों की पूर्ति की जा सकती है।अत: कथन 2 सही नहीं हैं।

12. उत्तर: B

व्याख्या:

- प्रशांत द्वीप देश 14 राज्यों का समूह है जो एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के बीच प्रशांत महासागर के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र से संबंधित है।
- इनमें कुक आइलैंड्स, फिज़ी, किरिबाती, रिपब्लिक ऑफ मार्शल आइलैंड्स, फेडरेटेड स्टेट्स ऑफ माइक्रोनेशिया (FSM), नाउरू, नीयू, पलाऊ, पापुआ न्यू गिनी, समोआ, सोलोमन आइलैंड्स, टोंगा, तुवालु और वानुअतु शामिल हैं। अत: विकल्प B सही है।

13. उत्तर: D

व्याख्या:

- ऊर्जा प्रगति रिपोर्ट विशेष रूप से गठित संचालन समूह के रूप में एसडीजी 7 की पाँच संरक्षक एजेंसियों के बीच घनिष्ठ सहयोग का एक उत्पाद है ये पाँच संरक्षक एजेंसियाँ, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA), अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (IRENA), संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी प्रभाग (UNSD), विश्व बैंक और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) हैं।
- एसडीजी 7 का लक्ष्य वर्ष 2030 तक स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुँच प्राप्त करना है।
- वार्षिक एसडीजी 7 ट्रैकिंग रिपोर्ट में चार प्रमुख ऊर्जा लक्ष्यों के आधिकारिक डैशबोर्ड में वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय प्रगति का मूल्यांकन किया है:
- 7.1: बिजली और स्वच्छ खाना पकाने के समाधान के लिये सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करना;
- 7.2: अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी में पर्याप्त वृद्धि;
- 7.3: ऊर्जा दक्षता पर प्रगति को दोगुना करना;
- 7.A: स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के समर्थन में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना। अत: विकल्प D सही है।

नोट :

14. उत्तर: C

व्याख्या:

- त्रिंकोमाली बंदरगाह श्रीलंका के पूर्वोत्तर तट पर त्रिंकोमाली खाड़ी में एक प्रायद्वीप पर स्थित है, जिसे पहले कोडियार खाड़ी कहा जाता था। अत: कथन 1 सही है।
- त्रिंकोमाली, चेन्नई का निकटतम बंदरगाह है। अत: कथन 2 सही है।
- हिंद महासागर में इस बंदरगाह का सामरिक महत्त्व है, यह भारत, जापान और अमेरिका सहित कई देशों के हितों से संबंधित है।
- त्रिंकोमाली में पहले से ही कई डेडिकेटेड पोर्ट टर्मिनल हैं- इसमें लंका इंडियन ऑयल कंपनी की सुविधा, टोक्यो सीमेंट की सुविधा और आटा कारखाने के लिये अनाज की सुविधा और एक चाय टर्मिनल शामिल है
- यह विकास कोलंबो बंदरगाह पर दबाव कम करेगा और परिचालन में मदद करेगा जिससे आपूर्ति श्रृंखला में वृद्धि होगी।
- इसके लिये गैर-कंटेनरीकृत कार्गो यातायात जैसे सीमेंट, कोयला या अन्य औद्योगिक कच्चे माल के लिये बंदरगाह का विकास भी आवश्यक होगा।

15. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में शोधकर्त्ताओं ने लेपर्ड गेको की एक नई रंगीन प्रजाति की पहचान की है, जिसका नाम यूबलफेरिस पिक्टस है, जिसे पेंटेड लेपर्ड गेको के नाम से भी जाना जाता है, इससे पहले इसे एक पूर्व ज्ञात प्रजाति से संबंधित माना जाता था।
- IUCN (प्रकृति के संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ) संरक्षण प्राथमिकता मानदंड के आधार पर, शोधकर्ताओं ने इसे नियर थ्रेटड (NT) के रूप में सूचीबद्ध करने का सुझाव दिया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यूबलफेरिस पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी एशिया के मूल स्थलीय गेको की एक प्रजाति है। अत: कथन 2 सही है।
- नई प्रजाति शुष्क सदाबहार वनों में रहती है जो झाड़ीदार घास के मैदानों में पाई जाती हैं। यह पूर्णतया रात्रिचर है जिनकी गतिविधियाँ जंगलों में शाम के बाद बढ़ जाती हैं।

16. उत्तर: D

व्याख्या.

- भारतीय रेलवे ने सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के लिये "मेरी सहेली" पहल शुरू की है।
- इसे प्रारंभिक स्टेशन से गंतव्य स्टेशन तक की पूरी यात्रा के लिये ट्रेनों से यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। अत: विकल्प D सही है।

17. उत्तर: B

व्याख्या:

- कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर ज़िले (जगदलपुर के पास) में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 2016 में ओडिशा, सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान के अंदर सामुदायिक वन संसाधन (CFR) को मान्यता देने वाला पहला राज्य था। वतर्मान में छत्तीसगढ़ इस तरह के अधिकार प्रदान करने वाला दूसरा राज्य बन गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के रूप में भी जाना जाता है।
- राष्ट्रीय उद्यान कांगेर नदी की घाटी पर स्थित है। पार्क का नाम कांगेर नदी के नाम पर रखा गया है, जो इस संपूर्ण घाटी में प्रवाहित होती है।
- यह राष्ट्रीय उद्यान एक विशिष्ट मिश्रित आर्द्र पर्णपाती प्रकार का वन है, जिसमें साल, सागौन और बाँस के पेड़ बहुतायत में पाए जाते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है। अत: विकल्प B सही है।

18. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में उत्तराखंड में आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्ज़र्वेशनल साइंसेज़ (ARIES), नैनीताल के स्वामित्व वाले देवस्थल वेधशाला परिसर ने अंतर्राष्ट्रीय लिक्विड-मिरर टेलीस्कोप (ILMT) की स्थापना की है।

नोट :

- यह खगोल विज्ञान के लिये अधिकृत होने वाला विश्व का पहला लिक्विड-मिरर टेलीस्कोप (LMT) बन गया है और विश्व में कहीं भी परिचालन में आने वाला अपनी तरह का पहला भी है। अत: कथन 1 सही है।
- LMT एक स्थिर दूरबीन है, जबकि एक पारंपरिक दूरबीन आकाश में 'इंटरेस्ट ऑफ ऑब्जेक्ट' की दिशा में कार्य करती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- एक LMT सितारों, आकाशगंगाओं, सुपरनोवा विस्फोटों, क्षुद्रग्रहों और यहाँ तक कि अंतरिक्ष मलबे जैसे सभी संभावित खगोलीय पिंडों का सर्वेक्षण करेगी। हालाँकि एक पारंपरिक दूरबीन एक निश्चित समय में आकाश के केवल एक अंश को ही दिखा पाती है।

19. उत्तर: B

व्याख्या:

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्ययोजना (2002-2016) ने निर्धारित किया कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत राज्य सरकारों को राष्ट्रीय उद्यानों और वन्यजीव अभयारण्यों की सीमाओं के 10 किमी. के भीतर आने वाली भूमि को इको सेंसिटिव ज़ोन या पर्यावरण संवेदनशील क्षेत्र (ESZ) घोषित करना चाहिये। अत: कथन 1 सही है।
- ESZs पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत निर्धारित हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- राष्ट्रीय उद्यानों, जंगलों और अभयारण्यों के आसपास ESZ घोषित करने का उद्देश्य संरक्षित क्षेत्रों के लिये एक प्रकार का "शॉक अब्ज़र्बर" बनाना है।
- ये क्षेत्र उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों से कम सुरक्षा वाले क्षेत्रों में संक्रमण क्षेत्र के रूप में कार्य करेंगे।

20. उत्तर: A

व्याख्या:

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने 'श्रेष्ठ' योजना की शुरुआत की थी। अत: कथन 1 सही है।
- इस योजना को लक्षित क्षेत्रों में 10 वीं के छात्रों के लिये आवासीय शिक्षा योजना के रूप में जाना जाता है।
- SC वर्ग के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अवसर प्रदान करने के लक्ष्य के साथ 'श्रेष्ठ' योजना बनाई गई थी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसका मूल उद्देश्य देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करके अनुसूचित जाति के लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का उत्थान करना है।
- इसके अंतर्गत CBSE से संबद्ध निजी स्कूलों में कक्षा 9 और कक्षा 11 में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। अत: विकल्प A सही है।

21. उत्तर: A

व्याख्या:

- मलेरिया एक मच्छर जनित रक्त रोग (Mosquito Borne Blood Disease) है जो प्लाज़्मोडियम परजीवी (Plasmodium Parasites) के कारण होता है। यह मुख्य रूप से अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय एवं उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- इस परजीवी का प्रसार संक्रमित मादा एनाफिलीज़ मच्छरों (Female Anopheles Mosquitoes) के काटने से होता है।
- मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद परजीवी शुरू में यकृत कोशिकाओं के भीतर वृद्धि करते हैं, उसके बाद लाल रक्त कोशिकाओं (Red Blood Cells- RBC) को नष्ट कर देते हैं, जिसके परिणामस्वरूप RBCs की क्षति होती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- विश्व स्तर पर मलेरिया के सबसे ज़्यादा मामले अफ्रीका में पाए जाते हैं।
- वैश्विक मामलों का 94% तथा वैश्विक रूप से इस बीमारी के कारण होने वाली कुल मौतों का 96% अफ्रीका में दर्ज किया गया है। चिंताजनक बात यह है कि इनमें से 80 प्रतिशत मौतें पाँच वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चों में दर्ज की गई हैं। अत: कथन 3 सही है। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

22. उत्तर: A

व्याख्या:

- इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022 तक 'सभी के लिये आवास' के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु शुरू किया गया था। ज्ञात हो कि पूर्ववर्ती 'इंदिरा आवास योजना' (IAY) को 01 अप्रैल, 2016 को 'प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण' के रूप में पुनर्गठित किया गया था।
- इसे ग्रामीण विकास मंत्रालय कार्यान्वित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- मार्च 2022 के अंत तक सभी ग्रामीण परिवार, जो बेघर हैं या कच्चे या जीर्ण-शीर्ण घरों में रह रहे हैं, को बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्का घर उपलब्ध कराना। अत: कथन 2 सही है।
- जीवन व्यतीत कर रहे ग्रामीण परिवारों को आवासीय इकाइयों के निर्माण और मौजूदा अनुपयोगी कच्चे मकानों के उन्नयन में पूर्ण अनुदान के रूप में सहायता प्रदान करना।
- लक्षित इकाइयों का 70% हिस्सा छह राज्यों में है- जिसमें पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ शामिल हैं।
- इनमें से केवल दो राज्यों- उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की पूर्णता दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- बिहार में सबसे कम पूर्णता दर है।

23. उत्तर: D

व्याख्या:

- स्टैगफ्लेशन का अर्थ है कीमतों में एक साथ वृद्धि और आर्थिक विकास की स्थिरता की विशेषता वाली स्थिति।
- स्टैगफ्लेशन शब्द नवंबर 1965 में यूनाइटेड किंगडम में कंज़र्वेटिव पार्टी के सांसद इयान मैकलेओड द्वारा गढ़ा गया था।
- इसे अर्थव्यवस्था में एक ऐसी स्थिति के रूप में वर्णित किया जाता है जहाँ विकास दर धीमी हो जाती है, बेरोज़गारी का स्तर लगातार ऊँचा रहता है, फिर भी मुद्रास्फीति या मूल्य वृद्धि एक ही समय में उच्च रहती है।.अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक मुद्रास्फीति के निर्दिष्ट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये अपने नियंत्रण में मौद्रिक साधनों के उपयोग के संदर्भ में मौद्रिक नीत को संदर्भित करता है।
- आरबीआई की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य विकास को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

24. उत्तर: D

व्याख्या:

- जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिये 1972 से प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- संयुक्त राष्ट्र सभा ने 1972 में विश्व पर्यावरण दिवस की स्थापना की, जो मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन का पहला दिन था। अत: कथन 2 सही है।
- प्रत्येक वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का उत्सव एक विशिष्ट विषय और नारे के साथ आयोजित किया जाता है जो उस समय की प्रमुख पर्यावरणीय चिंता को संदर्भित करता है।
- यह प्रत्येक वर्ष एक अलग देश द्वारा आयोजित किया जाता है।
- पिछले साल विश्व पर्यावरण दिवस समारोह ने पारिस्थितिकी तंत्र बहाली पर संयुक्त राष्ट्र दशक (2021-2030) की भी शुरुआत की, जो जंगलों से खेतों तक, पहाड़ों के शीर्ष से समुद्र की गहराई तक अरबों हेक्टेयर क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिये एक वैश्विक मिशन है। अत: कथन 3 सही है।
- खाद्य और कृषि संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियाँ हैं जिन्हें इसकी संचालन को सुविधाजनक बनाने का काम सौंपा गया है।

नोट :

25. उत्तर: D

व्याख्या:

- LiFE का विचार भारत द्वारा वर्ष 2021 में ग्लासगो में 26वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP26) के दौरान प्रस्तुत किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - यह विचार पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली को बढ़ावा देता है जो 'नासमझी और अपव्यय' के बजाय 'सचेत और जान-बूझकर उपयोग' के सिद्धांत पर केंद्रित है।
- मिशन के शुभारंभ के साथ प्रचलित "उपयोग और निपटान" अर्थव्यवस्था, बेतरतीब एवं विनाशकारी उपभोग तथा प्रशासन को एक चक्रीय अर्थव्यवस्था द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा, जिसे 'सचेत और स्व-खपत' द्वारा परिभाषित किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
- मिशन की योजना व्यक्तियों का एक वैश्विक नेटवर्क बनाने और उसका पोषण करने की है, जिसका नाम 'प्रो-प्लैनेट पीपल' (P3) है। अत: कथन 3 सही है।
- P3 की पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाने और बढ़ावा देने के लिये एक साझा प्रतिबद्धता होगी।
- P3 समुदाय के माध्यम से यह मिशन एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास करता है जो पर्यावरण के अनुकूल व्यवहारों को आत्मकेंद्रित होने के लिये सुदृढ़ और सक्षम करेगा। अत: विकल्प D सही है।

26. उत्तर: A

व्याख्या:

- भारी धातुएँ पृथ्वी की क्रस्ट में प्राकृतिक रूप से मौजूद होती हैं। चट्टानें भारी धातुओं के प्राकृतिक स्रोत हैं। भारी धातुएँ चट्टानों में खनिजों के रूप में उपस्थित होती हैं। उदाहरण आर्सेनिक, तांबा, सीसा आदि। अत: कथन 1 सही है।
- खनन, औद्योगिक और कृषि कार्य पर्यावरण में भारी धातुओं के सभी मानवजनित स्रोत हैं। इन भारी धातुओं का उत्पादन उनके संबंधित अयस्कों से विभिन्न तत्त्वों के खनन एवं निष्कर्षण के दौरान किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- विज्ञान और पर्यावरण केंद्र के अनुसार, भारत में प्रत्येक चार नदी निगरानी स्टेशनों में से तीन में सीसा, लोहा, निकल, कैडमियम, आर्सेनिक, क्रोमियम और तांबे जैसी भारी ज़हरीली धातुओं का खतरनाक स्तर पाया गया है। अत: कथन 3 सही है।
- भारी धातु पौधों, जानवरों और पर्यावरण में लंबे समय तक बने रहते हैं। अत: कथन 4 सही नहीं है। अत: विकल्प A सही है।

27, उत्तर: D

व्याख्या :

- GeM विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकारों के विभागों/संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं एवं सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा के लिये वन-स्टॉप राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- GeM पर उपलब्ध वस्तुओं और सेवाओं के लिये मंत्रालयों व केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSEs) द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद करना अनिवार्य है। अत: कथन 2 सही है।
- यह सरकारी उपयोगकर्त्ताओं को उनके पैसे का सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करने की सुविधा के लिये ई-बोली और रिवर्स ई-नीलामी जैसे उपकरण भी प्रदान करता है।
- इसे वर्ष 2016 में सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिये लॉन्च किया गया था।
- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय GeM पोर्टल का नोडल मंत्रालय है। अत: कथन 3 सही है। अत: विकल्प D सही है।

28. उत्तर: C

व्याख्या:

- सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (USOF) को वर्ष 2002 में दूरसंचार विभाग के तहत बनाया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- USOF यह सुनिश्चित करता है कि ग्रामीण और दूरदराज़ के क्षेत्रों में लोगों के लिये आर्थिक रूप से उपयुक्त कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण आईसीटी सेवाओं तक सार्वभौमिक गैर-भेदभावपूर्ण पहुँच हो। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

- वर्तमान में इस पर 5% की दर से चार्ज किया जाता है, जबकि टीएसपी द्वारा इसे घटाकर 3% करने की मांग की जा रही है।
- यह एक गैर-व्यपगत निधि है, अर्थात् लक्षित वित्तीय वर्ष के तहत खर्च नहीं की गई राशि व्यपगत नहीं होती है और अगले वर्षों के खर्च के लिये व्यय की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस फंड के सभी प्रकार के क्रेडिट के लिये संसदीय अनुमोदन की आवश्यकता होती है और इसे भारतीय टेलीग्राफ (संशोधन) अधिनियम, 2003 के तहत वैधानिक समर्थन प्राप्त है।

29. उत्तर: C

व्याख्या:

- प्राकृतिक रबर आइसोप्रीन का बहुलक है, जो एक कार्बनिक यौगिक है। अत: कथन 1 सही है।
- रबर एक सुसंगत लोचदार ठोस पदार्थ है जो उष्णकटिबंधीय क्षेत्रो में पाए जाने वाले पेड़ों के लेटेक्स से प्राप्त होता है, जिसमें हेवेया ब्रासीलिएन्सिस सबसे महत्त्वपूर्ण है। अत: कथन 2 सही है।
- रबर के पेड़ों के रोपण के बाद लगभग 32 वर्षों तक ये आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं।
- लैंडोल्फिया (Landolphia) वर्ग की लताओं से कांगो रबर का उत्पादन होता है। इन लताओं को खेतों में नहीं उगाया जा सकता जिसके परिणामस्वरूप कांगो में जंगली पौधों का बड़े पैमाने पर दोहन हुआ।

30. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारत और ओमान ने वर्ष 2022-2025 की अवधि के लिये विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग कार्यक्रम (POC) पर हस्ताक्षर किये।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिये POC पर ओमान व भारत के बीच 5 अक्टूबर 1996 को संपन्न विज्ञान और प्रौद्योगिकी (S&T) को लेकर POC पर हस्ताक्षर किये गए थे। अत: कथन 1 सही है।
- सितंबर 2021 में भारत और UAE ने औपचारिक रूप से भारत-UAE व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (CEPA) पर बातचीत शुरू की। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में भारत ने कुवैत के साथ नहीं बल्कि संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के साथ एक FTA पर हस्ताक्षर किये हैं, अत: कथन 3 सही नहीं है।
- भारत और कतर ने स्टार्टअप ब्रिज पर समझौते पर हस्ताक्षर किये परंतु सऊदी अरब की इसमें कोई भागीदारी नहीं है। अत: कथन 4 सही नहीं है। अत: विकल्प Aसही है।

31. उत्तर:C

व्याख्या:

- इसे बलुई दोमट से लेकर दोमट मिट्टी तक सभी प्रकार की मिट्टी में उगाया जा सकता है, क्योंकि ये अच्छी तरह से जल निकासी वाली मिट्टी हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

  इसमें बुवाई से लेकर कटाई तक सिर्फ शारीरिक श्रम की आवश्यकता होती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- गन्ने के लिये गर्म और आर्द्र जलवायु के साथ 21-27 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान की आवश्यकता होती है। अत: कथन 3 सही है।
- ब्राज़ील के बाद भारत गन्ने का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। अत: कथन 4 सही है।

32. उत्तर: D

व्याख्या:

- अरुणाचल प्रदेश में वन्यजीव वैज्ञानिकों और संरक्षणवादियों ने दिबांग घाटी में प्रस्तावित एटालिन जलविद्युत परियोजना (3,097 मेगावाट) से स्थानीय जैवविविधता के लिये खतरों को चिह्नित किया।
- यह परियोजना दिबांग नदी पर आधारित है और इसे 7 वर्षों में पूरा करने का प्रस्ताव है। अत: कथन 3 सही है।

- दिबांग ब्रह्मपुत्र नदी की एक सहायक नदी है जो अरुणाचल प्रदेश और असम राज्यों से होकर प्रवाहित होती है। अत: कथन 1 और कथन 2 सही हैं।
- इसमें दिबांग की सहायक नदियों: दीर और टैंगोन पर दो बाँधों के निर्माण की परिकल्पना की गई है।
- यह परियोजना हिमालयी क्षेत्र के सबसे समृद्ध जैव-भौगोलिक क्षेत्र के अंतर्गत आती है और प्रमुख जैव-भौगोलिक क्षेत्रों जैसे- पैलेरक्टिक ज़ोन और इंडो-मलय क्षेत्र के जंक्शन पर स्थित होगी।

33. उत्तर: B

व्याख्या:

- कोविड-19 महामारी की शुरुआत के कारण ट्रेन सेवाओं को बंद करने के दो वर्ष बाद भारत-बांग्लादेश के बीच यात्री रेल सेवाएँ हाल ही में फिर से शुरू हो गई हैं।
- ट्रेन सेवाओं की बहाली के बाद निम्नलिखित ट्रेनों को झंडी दिखाकर रवाना किया गया है:
- ढाका से कोलकाता के लिये मैत्री एक्सप्रेस।
- न्यू जलपाईगुड़ी से ढाका के बीच मिताली एक्सप्रेस।
- कोलकाता से खुलना के लिये बंधन एक्सप्रेस। अत: कथन 1 सही है।
- रक्षा सहयोग:
- संयुक्त अभ्यास:
  - सम्प्रीति (थलसेना) अभ्यास।
  - टेबल टॉप (वायुसेना)।
  - IN-BN कॉर्पेट (नौसेना)। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - बोंगोसागर अभ्यास (नौसेना)।
  - संवेदना (SAMVEDNA) (बहुराष्ट्रीय मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) अभ्यास बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात के साथ)।

34. उत्तर: C

व्याख्या:

- खाद्य सुरक्षा के पाँच महत्त्वपूर्ण मापदंडों पर राज्यों के प्रदर्शन को मापने के लिये भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा सूचकांक विकसित किया गया है। मानकों में शामिल हैं -
- मापदंडों में मानव संसाधन और संस्थागत डेटा, अनुमति/अनुपालन, खाद्य परीक्षण- बुनियादी ढाँचा एवं निगरानी, प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण तथा उपभोक्ता अधिकारिता शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
- चौथे संस्करण के राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक में तमिलनाडु सबसे ऊपर है, इसके बाद गुजरात और महाराष्ट्र हैं। अत: कथन 2 सही है।
- छोटे राज्यों में:
- छोटे राज्यों में गोवा शीर्ष पायदान पर रहा और उसके बाद मेघालय एवं मणिपुर का स्थान रहा।.
- केंद्रशासित प्रदेशों में:
- केंद्रशासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और नई दिल्ली शीर्ष स्थान पर रहे।

35. उत्तर: (D)

व्याख्या:

- यह सोशल मीडिया के लिये सक्रिय होना अनिवार्य करता है। अत: कथन 1 सही है ।
- प्रमुख तौर पर IT नियम (2021) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने प्लेटफॉर्म पर सामग्री के संबंध में अधिक सक्रिय रहने के लिये बाध्य करता है।

- शिकायत अधिकारी की व्यवस्था:
- उन्हें एक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर गैर-कानूनी एवं अनुपयुक्त सामग्री को हटाने की आवश्यकता होती है। अत: कथन 2 सही है।
  - प्लेटफॉर्म के निवारण तंत्र का शिकायत अधिकारी उपयोगकर्त्ताओं की शिकायतों को प्राप्त करने और समाधान करने के लिये ज़िम्मेदार है।
- उससे अपेक्षा की जाती है कि वह 24 घंटे के भीतर शिकायत की प्राप्ति को स्वीकार करे और 15 दिनों के भीतर उचित तरीके से उसका निपटान करे।
  - प्लेटफॉर्म पर किसी अन्य माध्यम से पहुँच स्थापित करने और प्रसार को अक्षम किया जाना चाहिये।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की गोपनीयता नीतियों को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि उसके कंप्यूटर संसाधन सेवाओं का उपयोग करने वाला व्यक्ति किसी भी ऐसी सामग्री को न होस्ट करे, न वितरित करे, न प्रदर्शित करे और न अपलोड करे, न प्रकाशित करें एवं न शेयर करे, जो पेटेंट नियमों या कॉपीराइट अधिकारों का उल्लंघन करने वाली हो; किसी लागू कानून का उल्लंघन करती हो; भारत की एकता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा, संप्रभुता को नुकसान पहुँचाने वाली हो. साथ ही भारत के मित्रतापूर्ण विदेश संबंधों को खराब करने वाली, किसी दूसरे देश का अपमान करने वाली, लोक व्यवस्था बिगाड़ने वाली व किसी अपराध की जाँच को बाधित करने वाली हो।

## वापस लिये गए मसौदे में प्रस्तावित परिवर्तन:

- शिकायत अपीलीय समिति:
- इसने एक अतिरिक्त स्तर की निगरानी का प्रस्ताव रखा, जिसका नाम 'शिकायत अपीलीय समिति' है, यह समिति शिकायत निवारण अधिकारी के फैसलों के विरुद्ध उपयोगकर्त्ताओं की शिकायतों का निपटारा करेगी।
- मोटे तौर पर यदि कोई उपयोगकर्त्ता शिकायत निवारण अधिकारी द्वारा प्रदान किये गए संकल्प से संतुष्ट नहीं है, तो वह सीधे न्यायालय जाने के बजाय शिकायत अपीलीय समिति में निर्णय के खिलाफ अपील कर सकता है।
  - हालाँकि इसने किसी अन्य न्यायालय में अपील करने के उपयोगकर्त्ता के अधिकार को नहीं छीना।
- सभी अपीलीय आदेशों को संकलित किया जाना चाहिये:
- मसौदे में यह निर्धारित किया गया था कि इस सभी अपीलीय आदेशों का पालन किया जाना चाहिये।
- 'निगरानी' पर सुझाया गया प्रश्न इस तथ्य से उपजा है कि 'शिकायत अपीलीय समिति' का गठन केंद्र सरकार द्वारा किया जाना था, जिसे अध्यक्ष और अन्य सदस्यों को नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त था।

## सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021:

- अभिव्यक्ति को दबाने के लिये सरकार मध्यस्थ के रूप में:
- इसने सरकार को इंटरनेट पर स्वीकार्य भाषण का मध्यस्थ बना दिया और किसी भी अभिव्यक्ति को दबाने के लिये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को प्रोत्साहित किया, जो सरकार के लिये उपयुक्त नहीं हो सकता है। अत: कथन 3 सही है।
- शिकायत का समाधान करने का दायित्व सोशल मीडिया पर:
- मसौदे में यह दायित्व सौंपा गया है कि सभी सोशल मीडिया मध्यस्थ रिपोर्टिंग के 72 घंटों के भीतर सभी शिकायतों का समाधान करें।
- अत: छोटी समय-सीमा ने शीघ्रता संबंधी दृष्टिकोण की आशंकाओं को जन्म दिया। अत: कथन 4 सही है।

36. उत्तर: B

व्याख्या:

जन समर्थ पोर्टल:

- यह पोर्टल वित्त मंत्रालय की एक पहल है , जो सरकार की एक दर्जन से अधिक क्रेडिट-लिंक्ड योजनाओं के लिये वन-स्टॉप गेटवे है और लाभार्थियों को सीधे उधारदाताओं से जोड़ती है।
- यह पोर्टल क्रेडिट-लिंक्ड सरकारी योजनाओं के तहत ऋण आवेदन और प्रसंस्करण के लिये एकल मंच के रूप में कार्य करेगा।

- इस पोर्टल से छात्रों, किसानों, व्यापारियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के साथ-साथ उद्यमियों के जीवन में सुधार होगा तथा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में भी मदद मिलेगी।
- इस पोर्टल को लॉन्च करने का उद्देश्य कई क्षेत्रों में समावेशी वृद्धि और विकास को प्रोत्साहित करना है। अत: विकल्प B सही है।

37.उत्तर: C

व्याख्या:

- AIWASI (ऑस्ट्रेलिया हेतु तकनीकी सहयोग- भारत जल सुरक्षा पहल) विदेश मामलों और व्यापार विभाग (DFAT), ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण एशिया जल सुरक्षा पहल (SAWASI) के तहत एक परियोजना है।
- इसका उद्देश्य जल संवेदनशील शहर की दिशा में कार्य करना है जो एकीकृत जल चक्र के समग्र प्रबंधन पर आधारित है।
- AIWASI भारत के जल प्रशासन को मज़बूत करेगा और ऐसे क्षेत्रों में निवेश करेगा जो निम्नलिखित सेवाएँ प्रदान करते हैं:
- शहरी जल सेवाएँ।
- विश्वसनीय, सुरक्षित पानी और स्वच्छता सेवाओं तक पहुँच स्थापित करने के लिये वंचित समुदायों को समर्थन।
- इस परियोजना के तहत जल संवेदनशील शहरी डिज़ाइन (WSUD) प्रदर्शन परियोजना शुरू की जाएगी। अत: विकल्प C सही है।

38. उत्तर: D

व्याख्या:

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) वह दर है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है और यह किसानों की उत्पादन लागत से कम-से-कम डेढ़ गुना अधिक होती है।
- 'न्यूनतम समर्थन मूल्य'- किसी भी फसल के लिये वह 'न्यूनतम मूल्य' है, जिसे सरकार किसानों के लिये लाभकारी मानती है और इसलिये इसके माध्यम से किसानों का 'समर्थन' करती है।
- 'कृषि लागत और मूल्य आयोग' द्वारा सरकार को 22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) तथा गन्ने के लिये 'उचित और लाभकारी मूल्य' (FRP) की सिफारिश की जाती है।
- कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।
- अधिदिष्ट फसलों में 14 खरीफ फसलें, 6 रबी फसलें और दो अन्य वाणिज्यिक फसलें शामिल हैं।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत अनिवार्य फसलें:
- खरीफ फसलें (14): धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, अरहर, मूँग, उड़द, मूँगफली-इन-शेल, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, नाइजर बीज और कपास।
- रबी फसलें (6): गेहूँ, जौ, चना, मसूर, तोरिया/सरसों और कुसुम।
- वाणिज्यिक फसलें (2): कच्चा जूट, 'वर्जीनिया फ्लू क्युर्ड' तंबाकू और खोपरा।
- अन्य फसलें: तोरिया और 'डी-मस्क कोकोनट' के एमएसपी क्रमश: रेपसीड/सरसों और खोपरा के एमएसपी के आधार पर तय किये जाते हैं।
- रेपसीड और मसूर खरीफ फसल नहीं रबी फसल हैं। अत: विकल्प D सही है।

39, उत्तर: A

व्याख्या:

- संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (USGS) ने नासा और 'चंद्र ग्रह संस्थान' के साथ साझेदारी में चंद्रमा का एक नया व्यापक मानचित्र जारी किया है, जिसे 'चंद्रमा का एकीकृत भूगर्भिक मानचित्र' (Unified Geologic Map of the Moon) कहा जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह मानचित्र छह अपोलो-युग क्षेत्रीय मानचित्रों से एकत्रित जानकारी की सहायता से बनाया गया है।
- यह नया मानचित्र "भविष्य के मानव मिशनों के लिये चंद्रमा की सतह के भूविज्ञान के निश्चित ब्लूप्रिंट" के रूप में कार्य करेगा। अत: कथन 2 सही है।
- मानचित्र शोधकर्त्ताओं को चंद्रमा की सतह पर स्थित संरचनाओं के पीछे के इतिहास को जानने में भी मदद करेगा। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

40. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में वित्त मंत्रालय ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी (NARCL), भारतीय ऋण समाधान कंपनी (IDRCL) के साथ मिलकर बैंकों के बैड लोन के पहले सेट का समाधान करने का प्रयास करेगी। अत: कथन 1 सही है।
- बैड बैंक स्थापित करने का उद्देश्य बैंकों को उनकी बैलेंसशीट से बैड लोन को समाप्त कर बोझ को कम करना है ताकि वे बिना किसी बाधा के ग्राहकों को फिर से उधार दे सकें।
- NPA उन ऋणों या अग्रिमों के वर्गीकरण को संदर्भित करता है, जो डिफॉल्ट हो जाते हैं या जिनके मूलधन या ब्याज का अनुसूचित भुगतान बकाया होता है।
- अधिकतर मामलों में ऋण को गैर-निष्पादित के रूप में तब वर्गीकृत किया जाता है, जब ऋण का भुगतान न्यूनतम 90 दिनों की अवधि तक न किया गया हो। अत: कथन 2 सही है।

41.उत्तर: D

व्याख्या:

- सतत् विकास के क्षेत्र में व्यावहारिक समस्याओं के समाधान को बढ़ावा देने और सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) को लागू करने के लिये वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक एवं तकनीकी विशेषज्ञता जुटाने के लिये SDSN द्वारा इसे वर्ष 2012 में शुरू किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- बांग्लादेश और कंबोडिया दो ऐसे देश हैं जिन्होंने वर्ष 2015 के बाद से SDG पर सबसे अधिक प्रगति की है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- हालांकि भारत ने भुखमरी समाप्त करना- SDG 2, स्वास्थ्य सुनिश्चित करना- SDG-3 और शुद्ध जल एवं स्वच्छता- SDG 6 में अच्छा प्रदर्शन किया है।
- SDG इंडेक्स, 2022 में फिनलैंड सबसे ऊपर है, इसके बाद क्रमश: तीन नॉर्डिक देश- डेनमार्क, स्वीडन और नॉर्वे हैं। अत: कथन 3 सही है।

42. उत्तर: D

व्याख्या:

## समुद्र के अंतर्राष्ट्रीय कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCLOS)

- (UNCLOS), 1982 एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो समुद्री और समुद्री गतिविधियों के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित करता है।
- इसे समुद्र का नियम भी कहा जाता है। यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है- आंतरिक जल, प्रादेशिक सागर, सन्निहित क्षेत्र, अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) और उच्च समुद्र। अत: कथन 1 सही है।
- यह एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है जो समुद्री क्षेत्रों पर राज्य के अधिकार के लिये एक रूपरेखा निर्धारित करता है। यह विभिन्न समुद्री क्षेत्रों को एक अलग कानूनी स्थिति प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह तटीय राज्यों और महासागरों को नेविगेट करने वालों द्वारा अपतटीय शासन के लिये आधार प्रदान करता है।
- यह न केवल तटीय राज्यों के अपतटीय क्षेत्रों को विभाजित करता है, बल्कि पाँच संकेंद्रित क्षेत्रों में राज्यों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के लिये विशिष्ट मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही है।

43. उत्तर:A

व्याख्या:

- तुर्की और ग्रीस एजियन सागर के साथ सीमा साझा करते हैं, लेकिन यूक्रेन, बुल्गारिया और इटली सीमा साझा नहीं करते हैं। अत: विकल्प A सही है।

44. उत्तर: B

व्याख्या:

- स्लो फैशन कपड़ों के उत्पादन के लिये एक दृष्टिकोण है जो आपूर्ति श्रृंखला के सभी पहलुओं को ध्यान में रखता है और ऐसा करने का उद्देश्य लोगों, पर्यावरण एवं जानवरों का सम्मान करना है। अत: कथन 2 सही है।
- स्लो फैशन फास्ट फैशन के ठीक विपरीत है। यह नई फैशन अवधारणाओं को अपनाने की धीमी प्रक्रिया से संबंधित नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण कार्य के आधार पर विचारशील, क्यूरेटेड फैशन का संग्रह है।
- पहला कथन 'स्लो फैशन मूवमेंट' की सही व्याख्या नहीं करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

45. उत्तर: D

व्याख्या:

- सिरुमलाई हिल्स तमिलनाडु के डिंडीगुल ज़िले में 60,000 एकड़ में फैला हुआ है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इन्हें पूर्वी घाटों का प्रेरक माना जाता है। ये डिंडीगुल शहर से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर समुद्र तल से 400 से 1,650 मीटर की ऊँचाई पर स्थित हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सिरुमलाई पहाड़ियाँ भू-आबद्ध हैं जो तमिलनाडु और केरल राज्यों के मध्य स्थित हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है। अत: विकल्प D सही है।

46. उत्तर: D

व्याख्या:

न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL):

- यह बंगलूरु में स्थित है, न कि हैदराबाद में। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह अंतरिक्ष विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है , अर्थात् प्रधानमंत्री कार्यालय के अधीन कार्य  नहीं करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- NSIL के मिशन इस प्रकार है:
- पृथ्वी अवलोकन और संचार अनुप्रयोगों के लिये उपग्रहों का स्वामित्व और अंतरिक्ष-आधारित सेवाएँ प्रदान करना।
- उपग्रहों का निर्माण और मांग के अनुसार उन्हें लॉन्च करना।
- ग्राहक को संबंधित उपग्रह के लिये प्रक्षेपण सेवाएँ प्रदान करना।
- भारतीय उद्योग के माध्यम से प्रक्षेपण वाहनों का निर्माण करना और उपग्रहों को ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार लॉन्च करना। अत: कथन 3 सही नहीं है।

47. उत्तर: C

व्याख्या:

- मारिजुआना कैनबिस के पौधे से प्राप्त मन:प्रभावी/साइकोएक्टिव औषधि है, जिसका उपयोग चिकित्सा, मनोरंजक और धार्मिक उद्देश्यों के लिये किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- कैनबिस का उपयोग धूम्रपान, वाष्पीकरण, भोजन के साथ या अर्क के रूप में किया जा सकता है।
- यह मानसिक और शारीरिक प्रभाव पैदा करता है, जैसे कि "उच्च" या "कठोर" भावना, धारणा में सामान्य परिवर्तन एवं भूख को बढ़ाना।
- अल्पकालिक दुष्प्रभावों के संदर्भ में अल्पकालिक स्मृति (Short-Term Memory) में कमी, शुष्क मुँह, लड़खड़ाना, लाल आँखें और मानसिक विक्षेप या चिंता की भावनाएँ शामिल हो सकती हैं।
- दीर्घकालिक दुष्प्रभावों में लत, मानसिक क्षमता में कमी और उन बच्चों में व्यवहार संबंधी समस्याएँ शामिल हो सकती हैं जिनकी माताओं ने गर्भावस्था के दौरान कैनबिस का उपयोग किया था।
- मारिजुआना में दो घटक CBD (कैनाबीडियोल) और THC (टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल) होते हैं।
- टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (THC) मारिजुआना का प्राथमिक मन: प्रभावी घटक है। अत: कथन 2 सही है।

- थाइलैंड में अब गाँजा रखना और उसकी खेती करना अपराध की श्रेणी में नहीं माना जाएगा क्योंकि हाल ही में वहाँ की सरकार ने इसे वैध घोषित कर दिया है। हालाँकि सार्वजनिक तौर पर धूम्रपान के रूप में इसका उपयोग अभी भी वर्जित है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

48. उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्मिन मूल रूप से समस्याग्रस्त या हानिकारक जानवर हैं क्योंकि वे मनुष्यों, फसलों, पशुओं या संपत्ति के लिये खतरा होते हैं।
- प्रजातियाँ जिन्हें वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची V में रखा गया है, उन्हें वर्मिन के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- उदाहरण: कौवे, फल खाने वाले चमगादड़, चूहे जिनका स्वतंत्र रूप से शिकार किया जा सकता है। अत: कथन 3 सही है।
- यह अधिनियम वर्मिन शब्द को परिभाषित नहीं करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 62 केंद्र सरकार को किसी भी जंगली जानवर को वर्मिन घोषित करने की शक्ति प्रदान करती है।
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची I और अनुसूची II में शामिल जंगली जानवरों की प्रजातियों को वर्मिन घोषित नहीं किया जा सकता है।
- एक जानवर को किसी भी निर्दिष्ट क्षेत्र और निर्दिष्ट अवधि के लिये वर्मिन के रूप में घोषित किया जा सकता है।
- केंद्र ने हिमाचल प्रदेश में रीसस बंदर, उत्तराखंड में जंगली सूअर और बिहार में नीलगाय को वर्मिन घोषित किया है।

49. उत्तर: D

व्याख्या:

- रूस और अमेरिका के बाद चीन तीसरा ऐसा देश है जिसने अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा है तथा अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण किया है। अत: कथन 1 सही है।
- तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन चीनी अंतरिक्ष स्टेशन है जिसे पृथ्वी से 340 से 450 किलोमीटर के बीच लो अर्थ ऑर्बिट अर्थात् पृथ्वी की निम्न कक्षा (न कि मध्यम कक्षा) में बनाया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम का हिस्सा और देश का पहला दीर्घकालिक अंतरिक्ष स्टेशन है।
- चीन कम-से-कम दस वर्षों के लिये अपने नए तियांगोंग मल्टी-मॉड्यूल अंतरिक्ष स्टेशन का संचालन करने जा रहा है।
- चीन ने वर्ष 2021 में अपने स्थायी अंतरिक्ष स्टेशन के लिये "तियानहे" या "हार्मनी ऑफ द हेवन्स" नामक एक मानव रहित मॉड्यूल लॉन्च किया, जिसके वर्ष 2022 के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।
- तियानहे कोर मॉड्यूल तियांगोंग स्पेस स्टेशन मॉड्यूल को लॉन्च करने वाला पहला मॉड्यूल है। अत: कथन 3 सही है।

50. उत्तर: C

व्याख्या:

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY):

- यह एक मातृत्व लाभ कार्यक्रम है, जिसे 1 जनवरी, 2017 से देश के सभी ज़िलों में लागू किया गया है।यह महिला और बाल विकास मंत्रालय (Ministry of Women and Child Development) द्वारा संचालित एक केंद्र प्रायोजित योजना है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली नकद राशि का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खाते में किया जाता है ताकि वे अपनी पोषण संबंधी ज़रूरतों को पूरा कर सकें और आंशिक रूप से उनके वेतन के नुकसान की भरपाई की जा सके।
- वे महिलाएँ जो केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या सार्वजनिक उपक्रमों में नियमित रोज़गार में संलग्न हैं तथा किसी भी कानून के तहत समान लाभ प्राप्त करती हैं, को छोड़कर सभी गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ (Pregnant Women and Lactating Mothers- PW&LM) इस योजना के लिये पात्र हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- ऐसी सभी पात्र गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ जिन्होंने परिवार में पहली संतान के लिये 1 जनवरी, 2017 को या उसके बाद गर्भधारण किया हो ।

नोट :

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (Common Application Software- PMMVY-CAS) के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा योजना के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी की जाती है। अत: कथन 3 सही है।

51. उत्तर: B

व्याख्या:

- रामसे हंट सिंड्रोम, जिसे 'हरपीज ज़ोस्टर ओटिकस' के नाम से भी जाना जाता है, चेहरे की तंत्रिका के 'जीनिकुलेट गैंग्लियन' (7वीं कपाल तंत्रिका) पर एक वायरस का संक्रमण है, ये तब होता है जब संक्रमण चेहरे की तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- हर 1,00,000 लोगों में से केवल पाँच से 10 लोग ही हर साल 'रामसे हंट सिंड्रोम' से ही प्रभावित होते हैं, जिससे यह एक अत्यंत दुर्लभ विकार बन जाता है।
- इससे नसों में सूजन हो जाती है, तो वे कार्य करने की क्षमता खो देती हैं, जिससे अस्थायी रूप से चेहरे पर पक्षाघात हो जाता है।अत: कथन 3 सही है।
- शरीर में 12 कपाल तंत्रिकाएँ होती हैं। 'रामसे हंट सिंड्रोम' एक वायरल संक्रमण है जो चेहरे की गतिविधियों में शामिल 7वीं कपाल तंत्रिका को प्रभावित करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- रामसे हंट सिंड्रोम वैरीसेला ज़ोस्टर वायरस (Varicella Zoster Virus) के पुनर्सक्रियन (Reactivation) होने के कारण होता है जो पहले रोगी में चिकनपॉक्स (Chickenpox) और दाद (Shingles) का कारण बना है।
- वैरीसेला ज़ोस्टर वायरस प्रतिरक्षा प्रणाली (Immune System) के कमज़ोर होने के कारण पुन: सक्रिय हो सकता है।
- हालाँकि यह एक संक्रामक रोग नहीं है, लेकिन उन लोगों में यह चिकनपॉक्स का कारण हो सकता है जिन्हें इस बीमारी का टीका नहीं लगाया गया है।

52. उत्तर: C

व्याख्या:

भारत में विभिन्न मार्शल आर्ट फॉर्म:

- पाइका अखाड़ा– ओडिशा:
- पैका अखाड़ा जिसे पाइका अखाड़ा भी कहा जाता है, "योद्धा विद्वान" हेतु एक ओडिया नाम है।
- इसका उपयोग ओडिशा में एक किसान मिलिशिया प्रशिक्षण स्कूल के रूप में किसानों को सैन्य प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु किया गया था।
- मुष्टि युद्ध- वाराणसी::
- यह मूल रूप से लड़ने की एक निहत्थे (बिना हथियारों के) लड़ने की तकनीक है।
- मार्शल आर्ट की यह तकनीक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर की है।
- स्काय – कश्मीर:
- स्काय एक मार्शल आर्ट है जो कश्मीर से संबंधित है। अत: विकल्प C सही है।
- यह एक तरह की तलवारबाजी है।
- सशस्त्र वर्ग द्वारा एक घुमावदार एकधारी तलवार और एक ढाल का उपयोग किया जाता है।
- थांग टा– मणिपुर:
- ह्यूएन लैंगलॉन मणिपुर की एक भारतीय मार्शल आर्ट है।
- मैतेई भाषा में, ह्यूएन का अर्थ युद्ध है जबकि लैंगलॉन या लैंगलोंग का अर्थ जाल, ज्ञान या कला होता है।
- ह्यूएन लैंगलॉन में दो मुख्य घटक होते हैं:
  - थांग-टा (सशस्त्र युद्ध)
  - सरित सरक (निहत्थे युद्ध)

नोट :

53. उत्तर: C

व्याख्या:

- कलारीपयट्टू मानव शरीर के प्राचीन ज्ञान पर आधारित एक मार्शल आर्ट है।
- इसकी उत्पत्ति तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से दूसरी शताब्दी ईस्वी के दौरान केरल में हुई थी। यह अब केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में प्रचलित है।
- इसे अस्तित्व में सबसे पुरानी युद्ध प्रणालियों में से एक माना जाता है।
- इसे आधुनिक कुंग-फू का जनक भी माना जाता है।
- अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।
- काठी सामू (Kathi Samu) आंध्र प्रदेश की एक बहुत प्रसिद्ध प्राचीन मार्शल आर्ट है।
- मार्शल आर्ट की इस तकनीक में विभिन्न प्रकार की तलवारों का प्रयोग प्रचलित है।
- अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
- सिलंबम:
- सिलंबम (Silambam) एक मार्शल आर्ट है जिसमे हथियारों के उपयोग की अनुमति होती है। यह तमिलनाडु में बहुत प्रसिद्ध है।
- सिलंबम कला में सांप, बाघ और चील जैसे जानवरों की गति शामिल है। फुटवर्क्स का उपयोग इन कला रूपों की एक बहुत ही प्रमुख विशेषता है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।
- मल्लखंब:
- मल्लखंब एक पारंपरिक खेल है, जिसकी उत्पत्ति भारतीय उपमहाद्वीप में हुई है। इसमें एक जिमनास्ट एक ऊर्ध्वाधर स्थिर या लटकते लकड़ी के खंभे, बेंत या रस्सी से लटककर योग या जिमनास्टिक आसन और कुश्ती की क्रियाओं का प्रदर्शित करता है।
- मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र इस खेल के आकर्षण के केंद्र रहे हैं।
- अत: युग्म 4 सही सुमेलित है। अत: विकल्प C सही है।

54. उत्तर: A

व्याख्या:

- क्षेत्रीय परिषदें वैधानिक (संवैधानिक नहीं) निकाय हैं। ये संसद के एक अधिनियम, यानी राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 द्वारा स्थापित किये गए हैं।
- इस अधिनियम ने देश को पाँच क्षेत्रों- उत्तरी, मध्य, पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी में विभाजित किया तथा प्रत्येक क्षेत्र के लिये एक क्षेत्रीय परिषद प्रदान की। अत: कथन 1 सही है।

### संगठनात्मक ढाँचा

- अध्यक्ष: केंद्रीय गृह मंत्री इन सभी परिषदों के अध्यक्ष होता है।
- उपाध्यक्ष– प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद में शामिल किये गए राज्यों के मुख्यमंत्री, रोटेशन से एक समय में एक वर्ष की अवधि के लिये उस अंचल के आंचलिक परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।अत: कथन 2 सही है।
- सदस्य: मुख्यमंत्री और प्रत्येक राज्य से राज्यपाल द्वारा यथा नामित दो अन्य मंत्री और परिषद में शामिल किये गए संघ राज्य क्षेत्रों से दो सदस्य।
- राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 17(1) के अनुसार, प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद की बैठक ऐसे समय पर होगी जब परिषद का अध्यक्ष इस ओर से नियुक्त करे। अत: कथन 3 सही नहीं है।

55. उत्तर: B

व्याख्या:

- RPA (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम), 1951 के अनुसार, एक उम्मीदवार अधिकतम दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- एक निर्वाचन क्षेत्र का त्याग करने के बाद, आम चुनाव के तुरंत बाद एक उपचुनाव स्वत: शुरू हो जाता है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2014 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के वडोदरा और वाराणसी दोनों सीटें जीतने के बाद, उन्होंने वडोदरा कीअपनी सीट छोड़ दी, जिससे वहाँ उपचुनाव हुआ। अत: कथन 2 सही है। अत: विकल्प B सही है।
- RPA की धारा 70 उम्मीदवारों को लोकसभा/राज्य विधानसभा में दो निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने से रोकती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- विधि और न्याय मंत्रालय के पास उन सीटों को सीमित करने की शक्ति है, जहाँ से एक उम्मीदवार चुनाव लड़ सकता है। मुख्य चुनाव आयुक्त इस संबंध में केवल मंत्रालय को सलाह दे सकते हैं। अत: कथन 4 सही नहीं है।

56. उत्तर: C

व्याख्या:

### द्विपक्षीय अभ्यास:

- भारत और फ्राँस के बीच अभ्यास:
- गरूड़
- भारत और इंडोनेशिया के बीच अभ्यास:
- समुद्र शक्ति
- भारत और जापान के बीच अभ्यास:
- धर्म गार्जियन
- भारत और रूस के बीच अभ्यास:
- इंद्र अभ्यास - संयुक्त त्रि-सेवा (सेना, नौसेना, वायु सेना) अभ्यास।
- अत: विकल्प C सही है।

57. उत्तर: A

व्याख्या:

### मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा ( UDHR ):

- यह दुनिया के सभी क्षेत्रों के विभिन्न कानूनी और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले प्रतिनिधियों द्वारा तैयार किया गया था।
- दिसंबर 1948 में पेरिस में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा कि गई घोषणा को सभी लोगों और सभी देशों के लिये उपलब्धियों के एक सामान्य मानक के रूप में घोषित किया गया था।
- UDHR में नागरिक और राजनीतिक अधिकारों सहित 30 अधिकार एवं स्वतंत्रताएँ शामिल हैं, जैसे जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, गोपनीयता और आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक अधिकार तथा सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा का अधिकार आदि।
- भारत ने UDHR के प्रारूपण में सक्रिय रूप से भाग लिया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह किसी भी प्रकार की संधि नहीं है, अत: यह प्रत्यक्ष तौर पर किसी भी देश के लिये कानूनी दायित्त्व निर्धारित नहीं करता है। अत: कथन 1 सही है।
- मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR), इंटरनेशनल कान्वेंट ऑन सिविल एंड पॉलिटिकल राइट्स, इंटरनेशनल कान्वेंट ऑन इकोनॉमिक, सोशल एंड कल्चर राइट तथा इसके दो वैकल्पिक प्रोटोकॉल्स को संयुक्त रूप से 'अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार विधेयक' (International Bill of Human Rights) के रूप में जाना जाता है।

58. उत्तर: C

व्याख्या:

- बायोमास को-फायरिंग कोयला थर्मल संयंत्रों में बायोमास के साथ ईंधन के एक हिस्से को प्रतिस्थापित करने की विधि है।

- केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने फरवरी 2022 में केंद्रीय बजट पेश करते हुए देश के प्रत्येक ताप विद्युत संयंत्र में 5-10% को-फायरिंग अनिवार्य कर दी थी। अत: कथन 1 सही है।
- बायोमास सह-फायरिंग का महत्त्व:
- बायोमास को-फायरिंग फसल अवशेषों को खुले में जलाने से होने वाले उत्सर्जन को रोकने का एक प्रभावी तरीका है; यह कोयले का उपयोग करके बिजली उत्पादन की प्रक्रिया को भी डीकार्बोनाइज करता है।
- यह जीवाश्म ईंधन के दहन से उत्सर्जन में कटौती करने में मदद कर सकता है, कुछ हद तक कृषि पराली जलाने की भारत की बढ़ती समस्या का समाधान कर सकता है, ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार पैदा करते हुए कचरे के बोझ को कम कर सकता है।
- बायोमास सह-फायरिंग में चुनौतियाँ:
- को-फायरिंग के लिये प्रतिदिन लगभग 95,000-96,000 टन बायोमास पैलेट की आवश्यकता होती है, लेकिन देश में 228 मिलियन टन अतिरिक्त कृषि अवशेष उपलब्ध होने के बावजूद भारत की पैलेट निर्माण क्षमता वर्तमान में 7,000 टन प्रतिदिन है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- कोयले के साथ दहन के लिये केवल 14% नमी वाले पैलेट का उपयोग किया जा सकता है। अत: कथन 3 सही है।

59. उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक विनियम समीक्षा प्राधिकरण (आरआरए 2.0) की स्थापना की है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह नियामक निर्देशों को सुव्यवस्थित करने, जहाँ भी संभव हो रिपोर्टिंग की प्रक्रियाओं तथा आवश्यकताओं को कम करने और विनियमित संस्थाओं के अनुपालन बोझ को कम करने आदि विषयों पर ध्यान केंद्रित करेगा। अत: कथन 2 सही है।
- विनियमित इकाई विद्युत कंपनियों, सार्वजनिक उपयोगिताओं या सार्वजनिक उपयोगिता होल्डिंग कंपनियों के वित्तीय, संगठनात्मक या दर विनियमन से संबंधित किसी भी कानून, नियमों या विनियमों के अधीन है। वाणिज्यिक बैंक, शहरी सहकारी बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ विनियमित संस्थाओं के अंतर्गत शामिल हैं। अत: कथन 3 सही है।
- आरआरए, आरबीआई परिपत्रों/निर्देशों के प्रसार प्रक्रिया में आवश्यक परिवर्तनों की जाँच करता है और सुझाव देता है (इसमें परिपत्र जारी करने, अद्यतन करने और वेबसाइट लिंकेज के तरीके आदि पर सुझाव शामिल होंगे)। अत: कथन 4 सही है। अत: विकल्प- (B) सही है।

60. उत्तर: B

व्याख्या:

- निक्सटामलाइज़ेशन एक ऐसी विधि है जिसके द्वारा मेसोअमेरिका के प्राचीन लोग जैसे- माया, ये लोग मक्का को एक क्षारीय घोल में भिगोकर पकाते थे और इसे अधिक स्वादिष्ट, पौष्टिक और गैर विषैला बनाते थे। निक्सटामल नहुआट्ल शब्द नेक्स्टमल्ली से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'निक्सटामलाइज़्ड मक्के का आटा'।
- मक्का अमेरिका की प्राथमिक फसल है जिसकी इस क्षेत्र में सहस्राब्दियों से खेती की जाती रही है। मक्का, बीन्स और स्क्वैश को 'थ्री सिस्टर्स' कहा जाता है, जो पूर्व-कोलंबिया, उत्तर और मेसोअमेरिका में आहार का प्रमुख साधन है।
- शोधकर्त्ताओं ने विश्लेषण किया कि अमेरिका में मक्का के प्रसार का प्रमुख कारण निक्सटामलाइज़ेशन था। अत: विकल्प B सही है।

61. उत्तर: C

व्याख्या:

नियोबैंक:

- नियोबैंक एक तरह का डिजिटल बैंक है जिसकी कोई भौतिक शाखा नहीं है। किसी विशिष्ट स्थान पर भौतिक रूप से उपस्थित होने के बजाय, नियोबैंकिंग पूरी तरह से ऑनलाइन है। अत: कथन 1 सही है।
- नियोबैंक वित्तीय संस्थान हैं जो ग्राहकों को पारंपरिक बैंकों का एक सस्ता विकल्प देते हैं।
- वे परिचालन लागत को कम करते हुए ग्राहकों को व्यक्तिगत सेवाएँ प्रदान करने के लिये प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का लाभ उठाते हैं।

नोट :

- नियोबैंक ने 'चैलेंजर बैंक' के टैग के साथ वित्तीय प्रणाली में प्रवेश किया क्योंकि उन्होंने पारंपरिक बैंकों के जटिल बुनियादी ढाँचे और 'क्लाइंट ऑनबोर्डिंग' प्रक्रिया को चुनौती दी थी।
- भारत में इन फर्मों के पास स्वयं का कोई बैंक लाइसेंस नहीं है, ये लाइसेंस प्राप्त सेवाएँ प्रदान करने के लिये बैंक भागीदारों पर निर्भर हैं। अत: कथन 2 सही है।
- ऐसा इसलिये है क्योंकि RBI ने अभी तक बैंकों को 100% डिजिटल करने की अनुमति नहीं दी है।
- RBI बैंकों की भौतिक उपस्थिति को प्राथमिकता देने के प्रति दृढ़ है और उसने डिजिटल बैंकिंग सेवा प्रदाताओं के लिये कुछ भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता के बारे में भी बात की है।
- नियोबैंक आमतौर पर पारंपरिक बैंकों की तुलना में कम सेवाएँ प्रदान करते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

62. उत्तर: B

व्याख्या:

**अग्निपथ योजना::**

- यह देशभक्त और प्रेरित युवाओं को चार साल की अवधि के लिये सशस्त्र बलों में सेवा करने की अनुमति देता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस योजना के तहत सेना में शामिल होने वाले युवाओं को अग्निवीर कहा जाएगा और युवा कुछ समय के लिये सेना में भर्ती हो सकेंगे।
- नई योजना के तहत लगभग 45,000 से 50,000 सैनिकों की सालाना भर्ती की जाएगी और अधिकांश केवल चार वर्षों में सेवा छोड़ देंगे।
- हालाँकि चार साल के बाद बैच के केवल 25% को ही 15 साल की अवधि के लिये उनकी संबंधित सेवाओं में वापस भर्ती किया जाएगा।
- 17.5 वर्ष से 21 वर्ष की आयु के बीच के उम्मीदवार आवेदन करने के लिये पात्र होंगे। अत: कथन 2 सही है।

63. उत्तर: D

व्याख्या:

- राष्ट्रपति और राज्यपाल दोनों को संविधान द्वारा क्षमा की संप्रभु शक्ति प्रदान की गई है। अत: कथन 2 सही नहीं है
- अनुच्छेद 72 के तहत राष्ट्रपति किसी भी व्यक्ति की सज़ा को क्षमा, लघुकरण, विराम या प्रविलंबन कर सकता है या निलंबित या कम कर सकता है।
    - यह सभी मामलों में किसी भी अपराध के लिये दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति हेतु किया जा सकता है, जहाँ:
- सज़ा कोर्ट-मार्शल द्वारा हो, उन सभी मामलों में जहाँ सज़ा केंद्र सरकार की कार्यकारी शक्ति से संबंधित किसी भी कानून के तहत अपराध के संदर्भ में है और मौत की सज़ा के सभी मामलों में। अत: कथन 3 सही है।
- अनुच्छेद 161 के तहत राज्यपाल सज़ा को क्षमा, प्रविलंबन, विराम या परिहार दे सकता है, या सज़ा को निलंबित, हटा या कम कर सकता है।
    - यह राज्य की कार्यकारी शक्ति के अंतर्गत आने वाले मामले में किसी भी कानून के तहत दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति के लिये किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

64. उत्तर: A

व्याख्या:

- SCO एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
- यह एक यूरेशियाई राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है जिसका लक्ष्य इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता बनाए रखना है।
- इसका गठन वर्ष 2001 में किया गया था।
- SCO चार्टर वर्ष 2002 में हस्ताक्षरित किया गया था और यह वर्ष 2003 में लागू हुआ।
- वर्ष 2001 में SCO के गठन से पहले कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस और ताजिकिस्तान शंघाई फाइव (Shanghai Five) के सदस्य थे।

- शंघाई फाइव (1996) का उद्भव सीमा सीमांकन और विसैन्यीकरण वार्ता की एक शृंखला के रूप में हुआ, जिसे चार पूर्व सोवियत गणराज्यों द्वारा चीन के साथ सीमाओं पर स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु आयोजित किया गया था।
- वर्ष 2001 में संगठन में उज़्बेकिस्तान के शामिल होने के बाद शंघाई फाइव का नाम बदलकर SCO कर दिया गया।
- वर्ष 2017 में भारत और पाकिस्तान इसके सदस्य बने।
- 17 सितंबर, 2021 को यह घोषणा की गई कि ईरान द्वारा SCO की पूर्णकालिक सदस्यता ग्रहण की जाएगी।
- सदस्य देश:
- कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत, पाकिस्तान और ईरान। अत: विकल्प A सही है।

65. उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (PMVVY) भारत सरकार द्वारा घोषित एक सेवानिवृत्ति और बीमा पॉलिसी-सह-पेंशन योजना है। यह योजना सरकार द्वारा अनुदानित है तथा मई 2017 में शुरू की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- PMVVY पर कोई वस्तु एवं सेवा कर (GST) नहीं लगाया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना को भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से एकमुश्त खरीद मूल्य का भुगतान करके ऑफफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन भी खरीदा जा सकता है, जिसे इस योजना को संचालित करने का एकमात्र विशेषाधिकार दिया गया है। अत: कथन 3 सही है।
- आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिये। PMVVY योजना के लिये कोई विशिष्ट पात्रता मानदंड नहीं हैं, सिवाय इसके कि ग्राहक एक वरिष्ठ नागरिक होना चाहिये, अर्थात् (60 वर्ष से अधिक आयु)। अत: कथन 4 सही नहीं है।